



# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन पंजीयन कल तक

**चना फसल के पंजीयन 16 मार्च तक, सरसों फसल के 20 तक**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 05 मार्च।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना की खरीदी तथा भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने के लिए श्योपुर जिले में निर्धारित 33 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन 07 मार्च तक करायें जा सकते है। जबकि चना फसल के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च निर्धारित है। इसी प्रकार भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने हेतु विपणन रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल के पंजीयन 20 मार्च तक करायें जा सकते है। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था श्योपुर जिले की 33 सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर की गई है, इसके साथ ही एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी निशुल्क पंजीयन किया जा सकता है।

श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था बडौदा, सेवा सहकारी संस्था बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड, सेवा सहकारी संस्था राडेप, सेवा सहकारी संस्था लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड़, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था रघुनाथपुर, विपणन सेवा सहकारी समिति वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था नागदा, सेवा सहकारी संस्था सोई कलां, सेवा सहकारी संस्था नागरगांवडा, सेवा सहकारी संस्था आसीदा, सेवा सहकारी संस्था बिजरपुर, सेवा सहकारी संस्था ननावद, सेवा सहकारी संस्था गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था दांतरदा कलां, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोठवा, सेवा सहकारी संस्था जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरूनावदा, सेवा सहकारी संस्था पाण्डोला शामिल है।

## आज ललितपुरा में आयोजित होगा कलस्टर स्तरीय शिविर

**श्योपुर, 05 मार्च।** संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन संपन्न होने के बाद वर्तमान में कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित किये जा रहे है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अभियान के तहत कलस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें



**वीसी के माध्यम से दिये निर्देश**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 05 मार्च।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि जल-गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायें। यह अभियान 31 मार्च से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके अंतर्गत लगभग एक करोड पौधे प्रदेशभर में लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खेत तालाब, तालाब, कूप रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे जल संरक्षण के कार्यों को व्यापक स्तर पर शामिल करने पर जोर दिया गया। वन क्षेत्रों में स्टॉपडेम और चेकडेम जैसे जल संरक्षण के कार्य कराये जायें। आमजन को प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले और प्लास्टिक बोतल के स्थान पर कांच की बोतल का उपयोग बढाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। अभियान के अंतर्गत नहरों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प से समाधान कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि इसकी दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल राकेश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# श्योपुर के बरगवां में पुरानी रंजिश की बात पर मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 05 मार्च।** थाना बरगवां मारपीट फरि. अजीत पुत्र रामसिंह रावत उम्र 28 साल नि. जाखदा ने रिपोर्ट की कि दि. 04मार्च के 12.00 बजे स्थान आंगनवाडी के पास ग्राम गोठरा पर आरोपीगण, हरिओम शर्मा , आशीष आदिवासी अन्य नि.गण कोठरा ने फरि को पुरानी रंजिश की बात पर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।

वहीं फरि. हरिओम पुत्र स्व. मुन्ना आदिवासी उम्र 26 साल नि. गोठरा ने रिपोर्ट की कि दि. 04मार्च के 12.00 बजे स्थान आंगनवाडी के पास ग्राम गोठरा पर आरोपीगण, धर्मवीर रावत , अजीत रावत नि. गण जाखदा ने फरि को पुरानी रंजिश की बात पर गंदी गंदी जातिगत गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।

थाना बड़ौदा मारपीट फरि. गौरीशंकर पुत्र धन्नालाल मीणा उम्र 26 साल नि. लुहाड ने रिपोर्ट की कि दि. 03मार्च के 19.00 बजे स्थान आरोपी के घर के सामने पर आरोपीगण, पहलवान मीणा, रामविलास मीणा, धर्म मीणा नि. लुहाड़ ने पुरानी रंजिश को लेकर फरि. से मां बहिन की गाली दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।

## विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम कल

**श्योपुर, 05 मार्च।** विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 पर प्रस्तावित विकसित युवा संसद कार्यक्रम 07 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस श्योपुर डॉ. ओपी शर्मा ने बताया है कि विकसित भारत को युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में 07 मार्च को प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# खाड़ी देशों में रह रहे म .प्र . के निवासियों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 मार्च।** म.प्र. शासन ने मध्य-पूर्व देशों की वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24/7 कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये प्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिये कंट्रोल रूम में दूरभाष नम्बर - 011-26772005, व्हाट्सऐप नम्बर - 9818963273, पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम की सहायता से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संबंधितों को भारत सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**वल्लभ भवन में भी स्थापित किया गया कंट्रोल रूम**

म.प्र. के निवासियों की सुविधा के लिये भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रदेश के नागरिक आवश्यक सहायता के लिये नई दिल्ली के अतिरिक्त भोपाल कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 0755-2708055, 0755-2708059, व्हाट्सऐप नंबर 917648862100 और कमर्त-अइेत/हउंपस-बवउ पर संपर्क कर सकते है। सभी से अनुरोध है कि आवश्यक मदद के लिये नई दिल्ली या भोपाल कंट्रोल रूम से संपर्क करे।

## एक नजर में

### गुमटी को हटाने के ऊपर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना अगरा मारपीट फरि. कैलाश पुत्र घंशू जाटव उम्र 50 साल नि. अर्रोद ने रिपोर्ट की 17फरवरी के 14.30 बजे स्थान महेश के बाड़े के सामने अर्रोद विजयपुर पर आरोपीगण, पीयूष पुत्र महेश शर्मा, परशुराम पुत्र महेश, वीरेन्द्र पुत्र कमलेश शर्मा नि. गण. अर्रोद द्वारा अतिक्रमण में रखी गुमटी को हटाने के ऊपर से मां बहन की गंदी - गंदी गालियां जातिसूचक दी एवं मारपीट की ।

### उधारी के पैसों की बात पर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना चिलवानी मारपीट फरि सुरेश पुत्र कन्हैया बैरवा उम्र 40 साल नि. माकडौद अम्बेडकर कॉलोनी मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 03.03.26 के 20.00 बजे स्थान हनुमान के घर के सामने पर आरोपी हनुमान पुत्र राधेश्याम बैरवा नि. सदर ने रकिय तो उधारी के पैसों की लेनदेन की बात पर गंदी - गंदी गालियां देकर मारपीट कर चोट पहुंचाई ।

### खेत में से निकलने के पर, रास्ता रोककर मारपीट की

श्योपुर, 05 मार्च ।थाना चिलवानी मारपीट फरि. नवासा पत्नी धर्मेन्द्र यादव उम्र 26 साल नि. सिमरई चिलवानी ने रिपोर्ट की कि दि. 03.03.26 के 18.30 से 18.40 बजे स्थान महिपाल यादव के घर के सामने ग्राम सिमरई पर आरोपीगण, रामवीर यादव, रामनिवास यादव नि. गण. सिमरई ने फरि का खेत में से निकलने के ऊपर से रास्ता रोककर गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी।

### भाई के साथ हुए विवाद को लेकर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना कोतवाली मारपीट फरि. हुसैन बौहरा पुत्र हकीम उद्दीन बौहरा उम्र 43 साल नि. आर्य समाज के पास बड़ौदा रोड़ श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 04.03.26 के 12.45 बजे स्थान महावीर टैन्ट हाउस के सामने मालियो के मंदिर के पास श्योपुर पर आरोपीगण, होजिफा, ब्रुहान उद्दीन, मोहम्मद, ताहिर जातिगण बौहरा नि.गण बौहरा बाजार श्योपुर ने फरि. व उसके माता भाई के साथ मस्जिद मे हुए विवाद को लेकर गंदी गंदी गालिया दी मारपीट कर चोट पहुचाई एवं जान से मारने की धमकी दी ।

### भाई के विवाद को लेकर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना कोतवाली मारपीट फरि. होजिफा पुत्र सेफउद्दीन बौहरा उम्र 34 साल नि. बौहरा बाजार श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 04.03.26 के 12.35 बजे स्थान महावीर टैन्ट हाउस के सामने मालियो के मंदिर के पास श्योपुर पर आरोपीगण, सेफअब्बास, हुसैन, सेख सज्जाद ,मुस्तफा जातिगण बौहरा नि.गण सदर ने फरि. व उसके भाई के साथ मस्जिद में हुए विवाद को लेकर गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी ।

### ट्रक लापरवाही से चलाने पर लगी चोट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना मानपुर सड़क दुर्घटना फरि. सीताराम पुत्र कान्हाराम वर्मा उम्र 38 साल नि. रेंगर मोहल्ला छावनी चौराहा टोंक राज. ने रिपोर्ट की कि दि. 18.11.25 के 11.30 बजे स्थान मालियों के टपरो पर जाने वाला रास्ता ग्राम जवासा पर आरोपी हनुमान पुत्र पूरनमल वर्मा नि. सदर ने आरोपी ट्रक क्र. आरजे 17 7560 के चालक हनुमान वर्मा द्वारा ट्रक को लापरवाही से चलाया जिससे ट्रक विधुत लाईट से टकरा गया उसमे बैठे सीताराम वर्मा को लाईट का करंट लगने से उसके दोनो पैर एवं बाया हाथ जल गया इलाज दौरान फरि. के दोनो पैर घुटनों के नीचे से काट दिये गये ।

### घाट पर नहाने की बात पर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना मानपुर मारपीट फरि. क्रिस पुत्र रामभरत मीणा उम्र 18 साल नि. ग्राम सामरसा ने रिपोर्ट की कि दि. 04.03.26 के 14.00 बजे स्थान चम्बल नदी का घाट पुल के नीचे सामरसा पर आरोपीगण, मुकेश केवट, रणजीत केवट 3. रामजीलाल शर्मा नि. ग्राम सामरास ने फरि को चंबल नदी के घाट पर नहाने की बात पर गंदी गंदी गालियां दी लात घूसो से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### आपसी बात पर मारपीट

श्योपुर, 05 मार्च। थाना रघुनाथपुर मारपीट फरि. रामकेश पुत्र रामस्वरूप रावत उम्र 36 साल नि. सुमरेरा की झोपड़ी ने रिपोर्ट की कि दि. 04.03.26 के 16.00 से 16.10 बजे स्थान आरोपी की दुकान के सामने ग्राम सुमरेरा की झोपड़ी पर आरोपीगण, वकील रावत, राहुल रावत, गौतम रावत नि.गण सुमरेरा की झोपड़ी ने फरि को आपसी मुंह बात पर से गंदी गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की 15/26 धारा 296 (ए),115 (2),351 (3),3 (5) बीएनएस धमकी दी ।

### पुरानी रंजिश के चलते की मारपीट

थाना बरगवां मारपीट फरि. शिवदयाल पुत्र सिघदार आदिवासी उम्र 25 साल नि. लहरोना ने रिपोर्ट की कि दि. 03मार्च के 21.00 बजे स्थान फरि. के घर के बहार लहरोनी पर आरोपी सुरेश आदिवासी नि. लहरोनी ने पुरानी रंजिश के ऊपर से फरि. को कुल्हाड़ी से मारने की धमकी दी व मारपीट की गंदी गंदी गालियां दी ।

# जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प कल मानपुर में

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 05 मार्च।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में पंचायत भवन मानपुर में 07 मार्च को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये है कि उक्त स्क्रीनिंग कैम्प में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगता का परीक्षण करेंगे और दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करेंगे। शिविर में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया जायेगा, इसमें महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# 49 किशोरी बालिकाओं को लगाये एचपीवी के टीके

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 02 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण का कैंप जिला अस्पताल में आयोजित किया गया, जिसमें 49 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही सीएचसी बड़ौदा कराहल एवं विजयपुर में भी किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका



लगाया गया। जिले में लगातार टीकाकरण कार्य जारी है, ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके।

## मुआवजा फर्जीवाड़ा मामले में छह को पांच-पांच वर्ष की सजा

**सतना.** मध्यप्रदेश में बाणसागर परियोजना के लिए किए गए भू-अर्जन में मुआवजा राशि के फर्जीवाड़े के मामले में सतना जिले की विशेष अदालत ने छह लोगों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अभिभाषक फखरुद्दीन ने बताया कि वर्ष 1997 में बाणसागर परियोजना के अंतर्गत अधिगृहित भूमि पर लगे वृक्षों के लिए 14 हजार 514 रुपये की मुआवजा राशि वास्तविक भूमि स्वामी रामेश्वर के स्थान पर शिवधारी पटेल और कौशल पटेल को दे दी गई थी।

# 1,835 मोबाइल फोन किए बरामद

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 3 मार्च. होली पर्व से पूर्व चलाए गए विशेष अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले तीन सप्ताह के दौरान 1,835 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं.**



बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक है. सभी मोबाइल उनके वैध स्वामियों को वापस सौंप दिए गए हैं, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है. नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों, साइबर विश्लेषण तथा सीईआईआर और एनसीआरपी पोर्टल के समन्वित उपयोग से कार्रवाई की. थाना स्तर पर गठित विशेष टीमों ने कई मोबाइल फोन अन्य राज्यों से भी ट्रेस कर बरामद किए. ग्वालियर से 551 मोबाइल (लगभग 1.33 करोड़ रुपये), छतरपुर से 200, उज्जैन से 409 (लगभग 73.5 लाख रुपये), सिंगरौली से 172, मंडला से 253 तथा गुना से 213 (50 लाख रुपये से अधिक) मोबाइल बरामद किए गए. कटनी और जबलपुर (जीआरपी) में आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मोबाइल जब्त किए गए. कई जिलों में होली के अवसर पर मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटी और पुलिस के प्रति भरोसा और सुदृढ़ हुआ.

# आरएसएस पर बनी फिल्म शतक मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 3 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर बनी फिल्म शतक को मप्र में टैक्स फ्री कर दिया गया है. वाणिज्यिक कर विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. ये छूट 3 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए रहेगी.**

शतक फिल्म 19 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी. फिल्म शतक को आशीष मल्ल ने निर्देशित किया है. इस फिल्म में आरएसएस के सौ वर्ष की यात्रा का जिक्र किया गया है, किन परिस्थितियों में आरएसएस की स्थापना की गई, स्थापना के समय किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, गोवा मुक्ति आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही.

आजादी के बाद पाकिस्तान के कबाइलियों द्वारा जम्मू कश्मीर में हमला करने के समय आरएसएस द्वारा श्रीनगर एयर स्ट्रीप को विमानों के उतरने के लिए तैयार करने का घटनाक्रम के साथ ही आरएसएस की शाखाओं के देशभर में विस्तार के बारे में बताया गया है.

# तत्काल मदद ने दो लोगों की बचायी जान

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 03 मार्च. मऊगंज जिले में डायल-112 आपातकालीन सेवा के कर्मियों ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई.**

2 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मऊगंज क्षेत्र अंतर्गत मऊगंज बाईपास के पास एक मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है. इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा तत्काल सहायता की आवश्यकता थी.

सूचना मिलते ही थाना मऊगंज में तैनात डायल-112 की प्रथम प्रतिक्रिया वाहन (एफआरवी) को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. आरक्षक रजनीश यादव और पायलट प्रवेश चतुर्वेदी बिना विलंब मौके पर पहुंचे, स्थिति का त्वरित आकलन किया और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया. डायल-112 टीम ने समय गंवाए बिना दोनों घायलों को सुरक्षित रूप से सिविल अस्पताल मऊगंज पहुंचाया, जहां उनका तत्काल उपचार शुरू कराया गया.

टीम की जिम्मेदार और त्वरित कार्रवाई से संभावित गंभीर परिणामों को टाला जा सका, जो जनसेवा और सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

# रक्सौल-उधना के बीच विशेष ट्रेन संचालित

**भोपाल और संत हिरदाराम स्टेशनों से गुजरेगी**



**भोपाल, 03 मार्च. रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है.**

इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 05559/05560 रक्सौल-उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार 07 मार्च से एवं उधना से प्रत्येक रविवार 08 मार्च को भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर होकर दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप संचालित की जा रही है. गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल ट्रेन 07 से 14 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक शनिवार 05.30 बजे प्रस्थान कर बीना 23.40 बजे आगमन कर अगले दिन 02.05 बजे संत हिरदाराम नगर आगमन कर 13.05 बजे उधना पहुंचेगी.

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 08 से 15 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक रविवार 15.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन संत हिरदारामनगर 02.30 बजे, बीना 05.15 बजे आगमन कर दूसरे दिन 00.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी.

यात्री, सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं.

इस गाड़ी में 4 सामान्य श्रेणी, 7 स्लीपर, 6 थर्ड एसी, 2 सेकेंड एसी, 1 फर्स्ट एसी, 1 जनरेटर कार एवं 1 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच होंगे. ट्रेन के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिकटा, नरकटियागंज, बगहा, कप्तान गंज, गोरखपुर, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, संत हिरदाराम, सीहोर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा एवं भरूच स्टेशनों पर रुकेगी.

**प्रोत्साहन** डॉ. मोहन यादव ने विभागों को उपलब्धि के लिए दी बधाई

# मध्यप्रदेश को मिल चुके 27 जीआई टैग

**भोपाल, 3 मार्च. मप्र की अनेक शिल्प कलाओं और कृषि, उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर जीआई टैग प्राप्त होना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के स्वप्न को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के उन्नत किसानों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, शिल्पकारों और उन्हें प्रोत्साहित करने वाले विभागों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है. प्रदेश में कृषि और खाद्य से जुड़े उत्पादों के साथ ही शिल्प को कुल 27 जीआई टैग मिल चुके हैं. बैतूल जिले की पारंपरिक शिल्प कला भरेवा कला को यह राष्ट्रीय पहचान मिली है. क्राफ्ट विलेज टिगरिया की भरेवा व कला को जीआई टैग मिला है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हाल ही में भरेवा शिल्प के कलाकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से भी सम्मानित किया. बैतूल के अलावा छतरपुर जिले के खजुराहो के स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर जिले के ही पारंपरिक काष्ठ शिल्प, ग्वालियर के पत्थर शिल्प, ग्वालियर की पेपर मैश कला जीआई टैग प्राप्त करने में सफल रही है. प्रदेश के अन्य जीआई टैग उत्पाद इस प्रकार हैं, चंदेरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी और फैब्रिक, धार का बाग प्रिंट, इंदौर के लेदर के खिलौने, दतिया और टीकमगढ़ के बेल मेटल वेयर, उज्जैन का बटीक प्रिंट, जबलपुर का संगमरमर शिल्प, डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी, ग्वालियर की ज्यामितीय पैटर्न की कालीन, पन्ना का हीरा, डिंडोरी का लोहा शिल्प, बालाघाट का चिन्नौर चावल, रीवा का सुंदरजा आम, सीहोर और विदिशा का शरबती गेहूं, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश का संयुक्त रूप से महोबा देशावरी पान, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा क्षेत्र का नागपुरी संतरा, झाबुआ जिले का कड़कनाथ मुर्गा, रतलाम का सेव, मुरैना की गजक, बुंदेलखंड क्षेत्र का कठिया गेहूं और जावरा का लहसुन शामिल है. मप्र के अन्य अनेक उत्पाद भी जीआई टैग प्राप्त होने की श्रृंखला में शीघ्र शामिल होंगे.

**वर्ष 2025 में पांच उत्पादों को मिला जीआई टैग**

मप्र में वर्ष 2024 में बुंदेलखंड के कठिया गेहूं और रतलाम जिले के जावरा के लहसुन को जीआई टैग प्राप्त हुआ. इसी तरह वर्ष 2025 में प्रदेश के पांच उत्पाद को जीआई टैग मिला. इनमें छतरपुर जिले के खजुराहो का स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर का ही पारंपरिक फर्नीचर, बैतूल का भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर का पत्थर शिल्प और ग्वालियर का ही पेपर मैश क्राफ्ट शामिल है.



## हेमंत ने मैदानी अमले को दिए निर्देश

**बैतूल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को बैतूल तहसील कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पंडाग्रे एवं श्रीमती गंगाबाई उइके उपस्थित रहीं.